**दिनांक–27.04.2026 को मुख्य अभियंता(उत्तर), भवन निर्माण विभाग, पटना की अध्यक्षता में Purposed Fire Fighting work in different court in the Campus of Civil Court Begusarai कार्य के लिए आमंत्रित निविदा के तकनीकी बीड पर पुनर्विचार करने हेतु तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के बैठक की कार्यवाहीः–**

---

**उपस्थिति–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | **ई0 [illegible] कुमार,**<br>मुख्य अभियंता(उत्तर),<br>भवन निर्माण विभाग, पटना। | – | अध्यक्ष |
| (ii) | **ई0 विजय कुमार**<br>अधीक्षण अभियंता,<br>भवन अंचल, दरभंगा। | – | सदस्य |
| (iii) | **ई0 ऋतु राज,**<br>कार्यपालक अभियंता,<br>भवन प्रमंडल, बेगूसराय। | – | सदस्य |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | योजना का नाम | – | **Purposed Fire Fighting work in different court in the Campus of Civil Court Begusarai** |
| 2. | योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | – | ₹4,25,98,544/– (विधि विभाग, बिहार का ज्ञापांक–6927, दि0–29.10.2024) |
| 3. | योजना की तकनीकी स्वीकृति की कुल राशि | – | ₹3,75,34,622/– (मुख्य अभियंता (नि0) का पत्रांक 71 (नि0) अनु0 दिनांक–20.01.2025 |
| 4. | योजना अन्तर्गत विषयांकित कार्य हेतु परिमाण विपत्र की राशि | – | ₹3,72,98,193/– |
| 5. | निविदा आमंत्रण की तिथि | – | 18.11.2025 |
| 6. | निविदा प्राप्त (डाउनलोड) की अंतिम तिथि | – | 05.01.2026 |
| 7. | निविदा जमा (अपलोड) की अंतिम तिथि | – | 06.01.2026 |
| 8. | प्री–बीड की बैठक की तिथि एवं समय | – | दिनांक 20.12.2025 को 3.00 बजे अपराह्न में मुख्य अभियंता (उत्तर) के कार्यालय कक्ष में एवं दिनांक 28.12.2025 को 3.00 बजे अपराह्न में अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, दरभंगा के कार्यालय कक्ष में। |
| 9. | कार्य समाप्ति की अवधि | – | 06 (छः) माह। |
| 10. | निविदा प्रसारण का माध्यम | – | ई–निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र |
| 11. | निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तिथि एवं प्रकाशित समाचार पत्र का नाम | – | दैनिक समाचार पत्र। |
| 12. | प्रकाशन का पी0आर0 संख्या | – | 017851(भवन)/2025–26 |
| 13. | निविदा में भाग लेनेवाले निविदाकार का नाम एवं पता | – | i) EVOLUTION TECH & INFRA PRIVATE LIMITED, AT-G4 NARMADA APARTMENT, EXHIBITION ROAD, PATNA 800001, BIHAR (BCD Class-1 REG NO-1220024) |

14. **प्रथम बार आमंत्रित निविदा की कार्यवाही:-**

दिनांक-**15.09.2025** को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में विषयांकित कार्य हेतु प्रथम बार आमंत्रित निविदा में **भाग लिये दो निविदाकारों में से एकमात्र निविदाकार** "EVOLUTION TECH & INFRA PRIVATE LIMITED" के तकनीकी बीड में **'सफल'** होने के कारण वित्त विभाग के अधिसूचना सं0-7806, दिनांक-30.09.2016 के आलोक में निविदा को रद्द कर **'पुनर्निविदा'** करने का निर्णय लिया गया।

15. **वर्त्तमान में (द्वितीय बार) आमंत्रित निविदा की कार्यवाही:-**

विषयांकित कार्य हेतु द्वितीय बार आमंत्रित निविदा में उपरोक्त एकमात्र निविदाकार द्वारा भाग लिया गया है। उक्त एकमात्र निविदाकार के तकनीकी बीड के अभिलेखों को कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, बेगूसराय का पत्रांक-239 अनु0 दिनांक-07.02.2026 द्वारा मूल्यांकन हेतु भेजा गया। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा एकमात्र निविदाकार के तकनीकी बीड के अभिलेखों की जाँच व तकनीकी मूल्यांकन किये जाने का निर्णय इस शर्त के साथ लिया गया कि भाग लेने वाले एकमात्र निविदाकार द्वारा समर्पित किये गये समान प्रकृति कार्य अनुभव प्रमाण पत्र की जाँच में यदि अनुभव प्रमाण पत्र फर्जी/जाली/गलत पाया जाता है तो उक्त संबंधित निविदाकार पर बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली-2007 के तहत समुचित कार्रवाई की जा सकेगी। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने तकनीकी बीड के अभिलेखों के मुल्यांकनोपरांत/ जाँचोपरान्त पाया कि:-

(i) प्रथम निविदाकार EVOLUTION TECH & INFRA PRIVATE LIMITED. AT-G4 NARMADA APARTMENT. EXHIBITION ROAD. PATNA 800001. BIHAR है। इनके द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, बेगूसराय का पत्रांक-511 अनु0 दिनांक-18.03.2026 द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि EVOLUTION TECH & INFRA PRIVATE LIMITED का फायर फाईटिंग कार्य का अनुभव वित्तीय वर्ष 2020-21 में ₹1,56,84,279 - के विरुद्ध ₹83,98,613/- मात्र है। अतः इन्हें एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(c) के तहत **"नॉन-रिस्पॉन्सिव"** पाया गया एवं तकनीकी बीड में **"असफल"** घोषित करने की अनुशंसा की जाती है।

16. **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णय:-**

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से द्वितीय बार आमंत्रित निविदा में भाग **लिये एकमात्र निविदाकार** (i) "EVOLUTION TECH & INFRA PRIVATE LIMITED, AT-G4 NARMADA APARTMENT, EXHIBITION ROAD, PATNA 800001, BIHAR" को तकनीकी बीड में **'असफल'** पाये जाने के कारण वित्त विभाग के अधिसूचना सं0-7806, दिनांक-30.09.2016 के आलोक में निविदा को रद्द कर **'पुनर्निविदा'** करने का निर्णय लिया गया। तद्आलोक में मुख्य अभियंता (उत्तर) अग्रेतर कार्रवाई करेंगे।

17. इस कार्यवाही को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड की जाय।

| (ऋतु राज)<br>कार्यपालक अभियंता,<br>भवन प्रमंडल, बेगूसराय। | (विजय कुमार)<br>अधीक्षण अभियंता,<br>भवन अंचल, दरभंगा। | (रामाज्ञा कुमार)<br>मुख्य अभियंता(उत्तर),<br>भवन निर्माण विभाग, पटना। |
|---|---|---|

**मुख्य अभियंता (उत्तर) का कार्यालय**

**भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।**

**ज्ञापांकः**–भ0उ0वि0/यो0(दर0)–251/2024–2397 पटना, दिनांकः– 28/4/26

प्रतिलिपि–आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

मुख्य अभियंता (उत्तर)।